भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4037
24 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पीजीआई उपग्रह केन्द्र

4037. श्री सुखबीर सिंह बादल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि पीजीआईएमईआर द्वारा फिरोजपुर में 100 बिस्तरों वाले उपग्रह केंद्र के कार्य को मंजूरी दी गई थी और 490 करोड़ रु.मंजूर किए गए लेकिन 2019 से पिछले 4 वर्षों से इसमें कोई भी विकास नहीं हुआ है और यदि हां, तो इसके कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त प्रयोजन के लिए 25 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) फिरोजपुर में उक्त उपग्रह केंद्र के निर्माण में देरी के क्या कारण हैं और उक्त केंद्र के कब तक पूर्ण रूप से कार्यशील होने की संभावना है; और

(घ) इस परियोजना को आगे बढ़ाने में सरकार को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है?

<u>उत्तर</u>
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): फिरोजपुर में पीजीआईएमईआर के 100 बिस्तर वाले सेटेलाइट केंद्र का कार्य 490.54 करोड़ रु. की अनुमानित लागत पर सितंबर, 2019 में अनुमोदित किया गया था। यह अनुमोदन पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ को भूमि के हस्तांतरण कर दिए जाने की शर्त पर दिया गया था। पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ को 27.2 एकड़ भूमि भौतिक रूप से सौंप दी गई थी, जिसके कुछ भाग पर कानूनी विवाद चल रहा है।

******